ter.com/amarujalanews amarujala.com/channels/downloads/
दिल्ली-एनसीआर
www.amarujala.com
नई दिल्ली | शनिवार | 6 सितंबर 2014
अमर उजाला
हरियाणा | दिल्ली | चंडीगढ़ | पंजाब | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर
राजधानी • वर्ष 12 अंक 148 पृष्ठ : 20 मूल्य : तीन रुपये

ों को खूब भायी मोदी सर की क्लास, मोदी बोले- 2024 तक मेरी कुर्सी को कोई खतरा नहीं



प्रदर्शनी में हुआ करोड़ों का कारोबार

रिन्यूअल एनर्जी इंडिया एक्सपो का समापन, 10,000 खरीदार पहुंचे देखने

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। रिन्यूअल एनर्जी इंडिया एक्सपो का इंडिया एक्सपो सेंटर में शुक्रवार को समापन हो गया। करीब दस हजार खरीदार प्रदर्शनी को देखने पहुंचे। प्रदर्शनी से करोड़ों का कारोबार हुआ है।

एक्सपो का अंतिम दिन कार्यशालाओं व सम्मेलनों के नाम रहा। तमाम देशों के विशेषज्ञों ने अपनी नई खोज की चर्चा करते हुए अपने अनुभव बांटे। इस बात पर खास जोर दिया गया कि कैसे यह आम उपभोक्ताओं तक पहुंचे। साथ ही सोलर सिस्टम को सस्ती दरों पर बाजार में उतारने समेत सरकार की भूमिका पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर यूबीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक जोजी जॉर्ज ने कहा कि यह अच्छी खबर है कि देश की सरकार पूरी तरह से उनके साथ है। एक्सपो में सौर, पवन, बायो एनर्जी समेत अन्य स्रोतों पर चर्चा की गई। अंतिम दिन कार्यशाला में अधिकतर देशों ने सौर और पवन ऊर्जा के प्रति रुझान दिखाया। कार्यशाला में चीन और जापान समेत 35 देशों के उत्पादों की भागीदारी रही।

लोगों ने सौर ऊर्जा से चलने वाले उत्पादों में दिलचस्पी दिखाई।

सबसे बड़ी टरबाइन आकर्षण का केंद्र

एक्सपो में देश की सबसे बड़ी विंड टरबाइन आकर्षण का केंद्र बनी। अंतिम दिन इसे देखने के लिए दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसका यहां पर प्री लांच किया गया। पावर विंड कंपनी ने दावा किया कि पीडब्ल्यू-100 देश में निर्मित सबसे बड़ी विंड टरबाइन है। कंपनी के प्रबंध निदेशक राजकुमार यादव ने बताया कि देश में ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने में वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत मददगार साबित होंगे।